# ई मोबिलिटी डैशबोर्ड से ई वाहनों को बढ़ावा

अमर उजाला ब्यूरो

**परिवहन, नगरीय विकास, पावर कॉर्पोरेशन, आवास विभाग और यूपीडा से प्राप्त तथ्यों के आधार पर बनेगा डाटाबेस**

लखनऊ। प्रदेश में इलेक्ट्रिक वाहनों को वरीयता देने के लिए तमाम प्रयास किए जा रहे हैं। अब इस क्रम में, प्रदेश में निवेश को ट्रैक करने के लिए नोडल एजेंसी के तौर पर कार्यरत इन्वेस्ट यूपी द्वारा वेब आधारित ई मोबिलिटी डैशबोर्ड और ईवी एक्सलरेटर सेल के लिए मोबाइल एप विकसित कराया जा रहा है। इसका जिम्मा उत्तर प्रदेश सिस्टम डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) को सौंपा गया है। यूपीडेस्को में पहले से इंपैनल्ड एजेंसियों को कार्य आवंटन कर डैशबोर्ड व एप डवलपमेंट का काम सौंपा जाएगा।

वेब आधारित ई मोबिलिटी डैशबोर्ड व ईवी एक्सेलरेटर सेल के मोबाइल एप को अपग्रेडेड डाटा विजिबिलिटी, इंप्रूव्ड मॉनिटरिंग, प्रभावशाली मैनेजमेंट, पारदर्शिता व पब्लिक एंगेजमेंट जैसे एडवांस्ड फीचर से लैस किया जाएगा। वहीं, इसके डाटाबेस निर्माण के लिए परिवहन, नगरीय विकास, पावर कॉर्पोरेशन, आवासीय विभाग समेत यूपीडा से प्राप्त जानकारियों का संकलन किया जाएगा।

परियोजना के अंतर्गत, प्रस्तावित डैशबोर्ड राज्य में पंजीकृत इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) विवरणों की निगरानी और प्रबंधन के लिए एक केंद्रीकृत मंच प्रदान करेगा। ऊर्जा दक्षता ब्यूरो (बीईई) का लक्ष्य परिवहन के स्वच्छ, अधिक टिकाऊ तरीकों को प्रोत्साहित करना है।

राज्य में ई मोबिलिटी के निष्पादन और निगरानी के उद्देश्य पूरा करने के लिए ईवी एक्सेलेरेटर सेल की स्थापना की जाएगी। इन्वेस्ट यूपी ने राज्य में ईवी संचालन की निगरानी, प्रबंधन और योजना बनाने और व्यापक पैमाने पर ईवी अपनाने को बढ़ावा देने और देश भर में एक उदाहरण स्थापित करने के लिए यूपी ई मोबिलिटी डैशबोर्ड विकसित करने का प्रस्ताव दिया है।